FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

# पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 20-07-2026 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ।

**अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के कुशल पर्यवेक्षण में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा शातिर 15,000-/ रुपये का इनामिया गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त शाहरुख पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार ।**

➡ **अभियुक्त शाहरुख उर्फ सारुख पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से हुआ घायल..**

➡ **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती ।**

➡ **अभियुक्तगण के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल,01 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस, बरामद ।**

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के कुशल पर्यवेक्षण में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम व एसओजी/सर्विलांस टीम की संयुक्त चैकिंग के दौरान आज दिनांक 20-07-2026 को शातिर 15,000/- रूपये का इनामिया गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त शाहरुख पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार ।

थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम व एसओजी/सर्विलांस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 20.07.2026 को थाना शिकोहाबाद के गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त भूडा नहर पटरी के पास खडा हैं एवं कहीं भागने की फिराक में हैं। सूचना पर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम व एसओजी/सर्विलांस टीम टीम द्वारा संयुक्त रुप से भूडा नहर पटरी पर एफएस यूनीवर्सिटी से आगे  चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को 01

मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी तो पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को नजदीक आते हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भागने लगा। थाना शिकोहाबाद व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 396/26 धारा 2/3 गैगंस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त शाहरुख उर्फ सारुख पुत्र यूनुस उर्फ अमीन निवासी बडा हार (कल्हौर ) थाना घिरोर जनपद मैनपुरी के रूप में हुई। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से 01 चोरी की मोटरसाइकिल, 01 अवैध तमंचा, 02 खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1 शाहरुख उर्फ सारुख पुत्र यूनुस उर्फ अमीन निवासी बडा हार (कल्हौर ) थाना घिरोर जनपद मैनपुरी।

**बरामदगी का विवरण-**

1-एक चोरी की मोटरसाइकिल

2- 01 अवैध तमंचा 315 बोर

3- 02 खोखा कारतूस 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास–**

1- मु0अ0स0 702/2025 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2- मु0अ0स0 715/2025 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
3-मु0अ0स0 606/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
4-मु0अ0सं0 396/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5-मु0अ0सं0 357/19 धारा 379 भादवि थाना सिकन्दरा कानपुर देहात

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अनुज कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

2. निरीक्षक श्री प्रेमशंकर पाण्डेय प्रभारी एसओजी मय टीम जनपद फिरोजाबाद।

3. निरीक्षक श्री मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस मय टीम जनपद फिरोजाबाद।

4. उ0नि0 राजीव गौतम थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

5. उ0नि0 ऋषभदेव भारद्वाज थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

6.भूपेन्द्र सिंह सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।

7.मु0आ0 आरक्षी रघूराज सिंह सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।

6. है0का0 346 दिलीप कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

7. है0का0 101 उदयप्रताप सिंह थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

8. का0 572 भवतोष कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

9. का0 1545 अभिषेक कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

10. हो0गा0 1369 कौशल किशोर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ।